## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए अधेड़ पर भालू ने किया हमला

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत डोंगरतराई से लगे जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए अधेड़ पर भालू ने हमला कर दिया। घायल की संजीवनी 108 टीम ने त्वरित उपचार और हास्पिटल पहुंचाकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगरतराई निवासी कंवल सिंह ओडे 50 वर्ष अपने गांव से ही लगे जंगल में अपने दोस्तों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने गया हुआ था। इसी दौरान अचानक एक भालू ने उस पर हमला कर दिया। युवक की तकरीबन पांच मिनट तक भालू से भिड़ंत होती रही, इसके बाद शोर शराबा और अन्य लोगों को पास आता देख भालू भाग गया। हमले में युवक के हाथ, जांघ में गहरी चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही पायलट श्रीपाल साहू और ईएमटी आनंद कुमार विश्वकर्मा तुरंत गांव पहुंचे और घायल कंवल का उपचार करते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा लेकर आएं।

### घर में प्रवेश कर अज्ञात चोर 1 लाख नगदी के साथ ले उड़ा 6 लाख 28 हजार का माल

**रायपुर (आरएनएस)।** गुढियारी थाना क्षेत्र के डागा भवन पड़ाव में एक सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नगदी 1 लाख रूपए सहित करीब 8 लाख 28 हजार रूपए का माल पार कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थीया प्रांजल डागा निवासी डागा भवन पड़ाव गुढियारी ने शिकायत दर्ज कराई कि घटना दिनांक 06 मई की रात करीब 1 बजे से 5 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नगदी 1 लाख रूपए सहित कुल 06 लाख 28 हजार रूपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थीया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### पीईटी और पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा 25 जून को

#### ऑनलाईन आवेदन आज से

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राज्य के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पी.ई.टी. और पी.पी.एच.टी. में प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया है। पी.ई.टी. और पी.पी.एच.टी. में प्रवेश हेतु परीक्षा 25 जून को होगी। ऑनलाईन आवेदन आज से 8 जून तक लिए जाएंगे। त्रुटि सुधार की तिथि 9 जून से 11 जून तक निर्धारित की गई है। प्रवेश पत्र 19 जून को जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार इन दोनों प्रवेश परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** थाना गंज पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर फाफाडीह ब्रीज के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी निहाल राय चौधरी पिता सुभाष राय चौधरी उम्र 20 साल निवासी गीता नगर भनपुरी बाजार चौक थाना खमतराई रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 180/23 धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

# 1 से 3 जून तक रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव, कलेक्टर सिन्हा ने की तैयारियों की समीक्षा

- राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की तैयारियां समय से करें पूरी- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- अधिकारियों के साथ रामलीला मैदान का किया निरीक्षण, तैयारियों को लेकर दिए दिशा-निर्देश
- केलो महाआरती और दीपदान की तैयारियों का भी लिया जायजा
- संस्कृति विभाग के तत्वाधान में रायगढ़ में होने जा रहा भव्य आयोजन



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल से रायगढ़ शहर का रामलीला ग्राउंड प्रदेश के पहले राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का साक्षी बनने वाला है। 1 से 3 जून तक यह भव्य आयोजन होने जा रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय इस दौरान मौजूद रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों पर विस्तार से अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने रामलीला मैदान का निरीक्षण कर वहां मंच और बैठक व्यवस्था की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है जब रायगढ़ में इतने वृहत स्तर का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें प्रदेश के साथ राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसकी सभी तैयारी समय से पूरी कर ली जाए। उन्होंने आने वाले अतिथियों और कलाकारों के आवास व्यवस्था, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था की समुचित तैयारी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिसर में स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन की व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिन्हा ने केलो महाआरती और दीपदान को लेकर स्थल निरीक्षण किया। यहां पर भी होने कार्यक्रम के मद्देनजर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी ली। इस मौके पर नगर निगम के सभापति जयंत ठेठवार, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, डीएसपी ट्रैफिक सुशांतो बनर्जी, ईई नगर निगम ए.एन.उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तर्ज पर रायगढ़ में आगामी माह के 1 जून से 3 जून तक तीन दिवसीय भव्य राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। संस्कृति विभाग द्वारा यह भव्य आयोजन रायगढ़ में किया जा रहा है। आदिवासी नृत्य महोत्सव की तरह ही देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशी कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है। जल्द ही रायगढ़ की धरा पर देश-विदेश के कलाकारों द्वारा रामायण की अनूठी प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में मनाया गया विश्व रक्तचाप दिवस

- स्वास्थ्य अधिकारी ने उच्च रक्तचाप के कारण एवं उसके बचाव के संबंध में दी जानकारी



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखंडो के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में उच्च रक्त चाप से संबंधित बीमारियों के रोकथाम के संबंध में जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से आज वल्र्ड हाइपरटेंशन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में आयोजित कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि विश्व उच्च रक्त चाप की रोकथाम, नियंत्रण और जागरूकता बढ़ाने के लिये जिले के चिकित्सा संस्थानों में जनसामान्य को उच्चरक्त चाप के कारण व आवश्यक निदान की जानकारी प्रदान की गई। सामान्य रक्त चाप 120/80 होता है। प्रत्येक व्यक्ति का रक्त चाप प्रतिदिन प्रति घंटे बदलता रहता है। उच्च रक्त चाप को हाइपर टेंशन कहा जाता हैं उच्च रक्त चाप 140/90 से अधिक होता है। उच्च रक्त चाप का मुख्य कारण स्ट्रेस और अनियंत्रित खानपान है। उच्च रक्त चाप के कारण दिल का दौरा, गुर्दे का काम न करना, सरदर्द, आँखो का धुँधलापन, अधिक वजन/मोटापा होना, साँस फूलना, अचानक शरीर में सुन्नपन, पैरो में सूजन, जैसे लक्षण पाये जाते है।

हाइपरटेंशन से बचाव के लिये हेल्दी डाइट जैसे-फल, सब्जियों का सेवन, संतुलित आहार, अधिक मात्रा में पेय पदार्थ का सेवन फिजिकल एक्टीविटी, वजन कम करें, धूम्रपान बंद करें, शराब सेवन न करें, कम नमक का सेवन करें। रक्त चाप का नियमित रूप से जाँच करवा कर चिकित्सकीय सलाह अनुसार दवाईयों का सेंवन करें। डायबिटिज और किडनी के मरीजों को हाइपर टेंशन से ज्यादा सावधानी बरतनी की आवश्यकता पड़ती है। इसके अलावा उच्च रक्तचाप पर नजर रखने के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिये। अत: अधिक जानकारी हेतु 104 नं. पर संपर्क करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी. बस्तिया, डॉ.योगेश पटेल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.काकोली पटनायक एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 15 साल की लड़की से दो युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती (आरएनएस)।** जिले में एक 15 साल की लडक़ी को तालाब किनारे ले जाकर के दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल में दाखिल कराया गया है।

सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लडक़ी ने बताया कि वह घर के पास रात में करीब 9.30 बजे खाना खाने के बाद टहल रही थी। उसकी समय पास का रहने वाला युवक युवराज साहू आया और बात करने लगा। बहला फुसलाकर उसने अपनी मोटर साइकिल में बैठाया, जिस पर पीछे एक और युवक रविंद्र बारेठ बैठा हुआ था। दोनों ने बंधवा तालाब कंचनपुर के पास ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। जिसके बाद मौके से दोनों आरोपी फरार हो गए। लडक़ी किसी तरह से अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन पीड़िता के साथ सक्ती थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनकी तलाश की जा रही थी। इसी दौरान दोनों के अपने घरों में होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। दोनों से पूछताछ की गई, इस दौरान नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की बात कबूली।

## एसडीएम खरसिया ने स्कूल में चल रहे मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया रोहित सिंह ने विकासखंड खरसिया में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण/मरम्मत कार्य, खनिज न्यास मद, समग्र शिक्षा अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खरसिया हिमांशु साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार देवांगन, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जितेंद्र वर्मा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विकासखंड खरसिया प्रदीप कुमार साहू दल में उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा के द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश प्रसारित किए गए हैं कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न विद्यालयों के मरम्मत/जीर्णोद्धार एवं नवीन विद्यालय भवनों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो, किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना है। एसडीएम सिंह ने आज विकासखंड स्तरीय टीम के द्वारा माध्यमिक शाला भालूनारा, प्राथमिक शाला अगासमार, प्राथमिक शाला रावणभाठा बर्रा, प्राथमिक शाला बर्रा, प्राथमिक शाला डीपापारा नगोई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरपार (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय) प्राथमिक शाला गोरपार, प्राथमिक शाला कसाईपाली, प्राथमिक शाला कोठीकुंडा, प्राथमिक शाला पतरापाली विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।

## चोरी की स्कूटी और मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा आज शहीद चौक के पास चोरी की स्कूटी बेचने की फिराक में ग्राहक तलाक रहे दो युवकों को मुखबिर सूचना पर पकड़ा गया है जिनके पास से इतवारी बाजार से चोरी स्कूटी के साथ संजय मार्केट से चोरी होंडा साइन मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। आरोपियों से जप्त स्कूटी के संबंध में थाना कोतवाली में 10 मई को कसेरपारा चक्रधरनगर में रहने वाली निर्मला देवांगन द्वारा उनकी स्कूटी सीजी-13 एन 0885 के 07 मई को इतवारी बाजार से चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। कोतवाली पुलिस मोटरसाइकिल चोरी का अपराध अज्ञात आरोपी पर दर्ज कर माल मुल्जिम का पतासाजी किया जा रहा था कि इसी क्रम में आज मुखबिर सूचना पर शहीद चौक के पास दो संदिग्ध- सुरेश्वर साहू विासी कोड़ाताई तथा महादेव यादव निवासी छातामुड़ा को पकड़ा गया है जिनके पास से उक्त चोरी की स्कूटी जप्त किया गया। आरोपियों से अन्य वाहनों की चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने संजय मार्केट से एक बिना नंबर हौंडा साइन की चोरी कर आरोपी महादेव यादव के घर में छिपाकर रखना बताया जिसकी जब्ती कर पृथक से धारा 41(1+4) CrPC/ 379 IPC की कार्यवाही आरोपियों पर किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सुपरविजन अधिकारी सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर कोतवाली पुलिस की टीम शहर में चोरी हुई बाइक की पतासाजी के लिए लगातार मुखबीरों का जाल बिछाकर संदिग्धों से पूछताछ कर कार्यवाही किया जा रहा है। मोटरसाइकिल चोरी में माल मुल्जिम पतासाजी कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक विक्रम चौरसिया, संजय तिवारी और नंद कुमार सारथी की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी – (1) सुरेश्वर साहू पिता कन्हैयालाल साहू उम्र 20 साल निवासी बिजली ऑफिस के सामने कोड़ातराई रायगढ़

(2) महादेव यादव पिता दउवा यादव उम्र 40 साल निवासी संतोषी मंदिर के आगे छातामुड़ा थाना जूटमिल रायगढ़

## नाबालिग भाई-बहन हुए लापता, चक्रधरनगर पुलिस ने दोनों बच्चों को सारंगढ़ से किया सकुशल दस्तयाब

**रायगढ़।** दिनाँक 16.05.2023 के रात्रि करीब 9.00 बजे ज़िला पंचायत के पीछे छोटे अतरमुड़ा में रहने वाला व्यक्ति थाना चक्रधरनगर आकर उसके 12 साल की लड़की और 07 साल के लड़के के एक साथ लापता होने की सूचना दिया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है, करीब 03 साल से उसकी पत्नी मायके में रह रही है, बच्चे इसके साथ रहते हैं। सुबह काम से आने के बाद दोपहर में घर पर सोया था। इसी बीच मंझली लड़की और लड़का दोपहर करीब दो बजे खेलने जा रहे हैं कहकर घर से सायकल लेकर निकले और शाम तक वापस नहीं आये। तब उन्हें आसपास रिश्तेदार , मोहल्लेवासियों से पूछताछ कर खोजबिन किया जिनका कहीं पता नहीं चला। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा गुम बालकों की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए तत्काल धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध दर्ज कर एसएसपी सदानंद कुमार, एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सीएसपी अभिनव उपाध्याय को अवगत कराते हुये थाने के पेट्रोलिंग एवं थाने के कर्मचारियों को गुम बच्चों की पतासाजी में लगाया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों बच्चे सारंगढ़, रायपुर जाने वाली किसी बस में बैठे थे। थाना प्रभारी चक्रधरनगर गुम बच्चों की मां का मोबाइल नंबर प्राप्त कर उससे बच्चों की जानकारी लिया गया। महिला ने दोनों बच्चों के उनके पास नहीं होने की जानकारी दी और बच्चों को लेकर चिंतित हो गई। थाना प्रभारी चक्रधरनगर एवं उनके स्टाफ द्वारा सारंगढ़ क्षेत्र में निवासरत पुलिस मित्रों एवं अपने सूत्रों से गुम बच्चों के संबंध में पता लगाया गया जिसमें दोनों बच्चों को सारंगढ़ बस स्टैंड पर एक महिला के साथ देखना बताया। तत्काल टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव, थाने के प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन के साथ रात में ही सारंगढ़ जाकर गुम बच्चों की पतासाजी किये जो उनके बुआ के घर पर मिले जिन्हें साथ लेकर उनके मां के घर पहुंचे। चिंतित मां बच्चों को सकुशल देखकर चिंता मुक्त हुई।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सीएचसी लोईंग में आयोजित हुआ एक दिवसीय कार्यशाला

- डेंगू के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के उपाय के संबंध में दी गई जानकारी



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी लोईंग डॉ.हितेश जायसवाल के मार्गदर्शन में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी. जी.कुलवेदी की उपस्थिति में उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं हॉस्पिटल में आए हुए सभी मरीजों को बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए जनसामान्य को डेंगू के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के उपाय के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू बीमारी एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू के लक्षण-अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पीछे में दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक व मुंह से खुन आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि है। बचाव के उपाय- डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए, नालीयों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिड़काव करनी चाहिए। हमेशा फूल आस्तीन के वस्त्र पहनना चाहिए, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए, कुलर में स्थिर पड़े हुए पानी का निष्कासन, टायर, नारियल खोल इत्यादि में ठहरे हुए पानी को खाली करना चाहिए। आम जनता डेंगू बीमारी से घबराए नहीं तथा डेंगू रेपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट कीट से जांच होने के उपरान्त धनात्मक आने पर कोई भी निजी संस्थान/प्राइवेट क्लीनिक घोषणा नहीं करेगा कि मरीज धनात्मक है। वो संदेहास्पद मरीज के रूप में जाना जायेगा तथा स्व.लखीराम अग्रवाल स्मृति मेडिकल कॉलेज में एलाइजा रीडर मशीन में जांच परिणाम धनात्मक आने पर शासन द्वारा पुष्टि की जावेगी। सोशल मिडिया मोबाईल/व्हॉट्सअप, टेलीग्राम, फेसबुक तथा पाम्प्लेट पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं जागरूक किया जा रहा है। जनसामान्य से अपील की गई जा रही है कि रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें। उक्त एक दिवसीय कार्यक्रम में सामु.स्वा.केद्र लोईंग से खण्ड चिकित्सा अधिकारी लोईंग डॉ.हितेश जायसवाल, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया, व्ही.बी.डी.टेक्नीकल सुपरवाइजर निर्मल प्रसाद, विकासखण्ड मलेरिया सहायक कविता कसेरा एवं समस्त लोईंग अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।